जिलों के कितने गांवों में विद्युतीकरण हो चुका है;

(ख) उपरोक्त जिलों में ऐसे कौन-कौन से स्थान हैं, जहां "कुटीर ज्योति योजना" कार्यान्वित की गई है; और

(ग) उपरोक्त जिलों में ऐसे कौन-कौन से स्थान हैं; जहां भविष्य में यह योजना कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

विद्युत और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, जौनपुर तथा सुल्तानपुर जिलों के जिन गांवों का विद्युतीकरण नहीं किया गया है उनका ब्यौरा निम्नवत् है :–

क्र.सं.	जिला	ऐसे गांवों की संख्या जिनका विद्युतीकरण नहीं किया गया
1	आजमगढ़	407
2	मऊ	
3	गाजीपुर	शून्य
4	जौनपुर	291
5	सुल्तानपुर	96

(ख) और (ग) 1988–89 और 1989–90 के दौरान केन्द्रीय अनुदान से वित्त-पोषित की गई स्कीम के अधीन लाभ प्राप्त करने वाले गांवों का पता लगाने का कार्य राज्य सरकार पर छोड़ दिया गया था। कुटीर ज्योति स्कीम के अधीन 31 मार्च, 1991 तक इन जिलों में दिए गए सिंगल प्वाइंट लाइट कनैक्शन की संख्या निम्नवत् है :–

क्र.सं.	जिले का नाम	कुटीर ज्योति स्कीम के अधीन दिए गए सिंगल प्वाइंट लाईट कनैक्शनों की संख्या
1	आजमगढ़	6691
2	मऊ	1856
3	जौनपुर	1393
4	गाजीपुर	2785
5	सुल्तानपुर	7541

31.3.1991 के पश्चात् उक्त स्कीम को जारी नहीं रखा गया।

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, जौनपुर तथा सुल्तानपुर जिलों के गांवों में विद्युतीकरण

1116. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **विद्युत और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, जौनपुर तथा सुल्तानपुर जिलों के कितने गांवों में विद्युतीकरण हुआ है;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान उक्त गांवों के विद्युतीकरण के लिए

कितनी धनराशि आबंटित की गई और उसमें से अभी तक इस उद्देश्य के लिए कितनी धनराशि खर्च की जा चुकी है; और

(ग) ऐसी योजनाओं के नाम क्या हैं; जिनके अधीन वर्तमान में गांवों को विद्युतीकरण की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं?

विद्युत और गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय): (क) उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार विगत के पांच वर्षों अर्थात् 1986-87 से 1990-91 के दौरान उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, जौनपुर और सुल्तानपुर जिलों में विद्युतीकरण किए गए गांवों की संख्या का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

क.स.	जिले का नाम	वर्ष 1986-87 से 1990-91 के दौरान विद्युतीकरण किए गए गांव
1.	आजमगढ़	800
2.	मऊ	
3.	गाजीपुर	27
4	जौनपुर	364
5.	सुल्तानपुर	531

(ख) उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के अनुसार विगत के पांच वर्षों के दौरान निम्नलिखित प्रत्येक जिले के लिए ग्राम विद्युतीकरण संबंधी कार्य हेतु आबंटन की गई राशि का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

क.स.	जिले का नाम	वर्ष 1986-87 से 1990-91 के दौरान आबंटित की गई राशि (लाख रुपये में)
1.	आजमगढ़	1280.93
2.	मऊ	
3.	गाजीपुर	830.47
4.	जौनपुर	861.00
5.	सुल्तानपुर	953.67

ग्राम विद्युतीकरण संबंधी कार्य के लिए आबंटित की गई राशि का पूर्णतः समुपयोजन किया गया है।

(ग) निम्नलिखित स्कीमों के अधीन विद्युतीकरण संबंधी सुविधा गांवों को उपलब्ध कराई जा रही है :-

1. राज्यों के सामान्य कार्यक्रम
2. आर.ई.सी. के सामान्य कार्यक्रम
3. न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम ।

World Banks assistance for country's power projects

1117. SHRI V. NARAYANASAMY: Will the Minister of POWER AND NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES be pleased to state:

(a) what is the estimated shortage of power at present in the country;

(b) whether Government are seeking assistance from the World Bank in financing some projects for increasing the country's power production; and

(c) if so, whether World Bank has sanctioned any loan for the purpose and what are the projects for which such loan is proopsed to be utilised?